निगम मुख्यालय में 80 कर्मचारियों की हुई कोरोना जांच, जिला स्वास्थ्य विभाग की दो टीम ने लिया स्वाब का सैंपल

भिलाई नगर। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निगम मुख्यालय में कैंप लगाकर फिल्ड में कार्य करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाइजर और वाहन चालकों का आरटीपीसीआर व टू नाॅट किट से कोरोना संक्रमण की जांच की। 60 कर्मचारियों का आरटीपीसीआर जांच के लिए नाक और मुंह से स्वाब का सैंपल लिया। वहीं 20 कर्मचारियों का टू नाॅट टेस्ट किया गया। इस तरह से कुल 80 कर्मचारियों की कोरोना जांच की गई। चलित चिकित्सा इकाई की दो टीम बुधवार को निगम मुख्यालय पहुंची थी। जहां डाॅ निहारिका बघेल , डाॅ खिलेश्वरी चंद्राकर, लैब टेक्नीशियन दिनेश कुमार, लैब टेक्नीशियन हेमलता निर्मलकर , सहयोगी उपासना चतुर्वेदी और माहेश्वरी चंदेल की टीम ने पहले कर्मचारियों का पंजीयन किया। सभी कर्मचारियों के नाम , निवास स्थान, मोबाइल सहित अन्य जानकारी ली। फिर उसे मोबाइल से ऑनलाइन अपडेट किया। इसके बाद एक-एक कर्मचारियों के नाक और मुंह से स्वाब का सैंपल लिया। कोरोना के संक्रमण को ध्यान मे रखते हुए महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जिला प्रशासन से निगम के अत्यावश्यक सेवा में लगे कर्मचारियों और मार्केट क्षेत्र में कैंप लगाकर अति आवश्यक सेवा में सलंग्न कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं कोरोना की जांच के लिए पहल की थी। महापौर एवं आयुक्त के पहल के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की चलित चिकित्सा इकाई की टीम जोन कार्यालय, एसएलआरएम सेंटर नेहरू नगर , आकाश गंगा सब्जी मंडी , जवाहर मार्केट, फल मंडी, हुडको, सेक्टर-7 मार्केट और जोन-4 मछली मार्केट खुर्सीपार में कैंप लगाकर कोरोना संक्रमण की जांच कर चुकी है। लगातार चलित चिकित्सा विभाग की टीम निगम क्षेत्र में कैंप लगाकर अत्यावश्यक सेवा से जुड़े कर्मचारी और व्यापारियों की जांच कर रही है।